तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



3 केराकछार के सुशासन तिहार में कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का किया वादा





## खबर संक्षेप

### पं.रविशंकर नगर जोन में सुशासन तिहार शिविर आज

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार शिविरों का किये जा रहे आयोजन की अगली कड़ी में 15 मई को पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। इसी प्रकार 20 मई को बालको जोन में, 22 मई को दर्री जोन में तथा 25 मई को सर्वमंगला नगर जोन में सुशासन तिहार शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### सिरमिना में आज और कल रामाकछार में शिविर

**कोरबा।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देष्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमिना जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। इसी तरह, 16 मई को विकासखंड पाली के ग्राम रामाकछार, पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लेपरा एवं कोरबा के ग्राम लेमरू और 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में शिविर आयोजित होंगे।

### कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु आवेदन 19 तक

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने और उनके जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत जिले के जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। विशेष रूप से, जिन दिव्यांगजनों के हाथ या पैर कटे हुए हैं, उनके लिए माप लेकर विशेष रूप से तैयार किए गए नकली हाथ और पैर भी प्रदान किए जाएंगे। जिले के समस्त पात्र दिव्यांगजन अथवा उनके अभिभावक अपने आवश्यक दस्तावेज 19 मई तक अनिवार्य रूप से संबंधित कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। सुविधा हेतु आवेदन जमा करने के लिए विभिन्न स्थानों को अधिकृत किया गया है। आप अपने क्षेत्र के वार्ड पार्षद अथवा ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव के पास दस्तावेज जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा एवं इसके समस्त जोन कार्यालयों, संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध

**कोरबा।** जिले में केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किया जा सकेगा। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार चिप्स द्वारा इस प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सुविधा लाइव कर दी गई है। यह प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) एवं तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्रों में उसी प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होगा, जिस प्रकार जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किए जाते हैं। आवेदन हेतु 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र, प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूप पर सरपंच या पार्षद के हस्ताक्षर तथा पटवारी के प्रमाणीकरण के साथ आवेदन लोक सेवा केंद्र में प्रस्तुत किया जा सकेगा।

# पंप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट से 800 मेगावाट बिजली उत्पादन की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बस्तर में 5700 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता के पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट पर काम शुरु होने के बाद अब जल्द ही जिले के मिनीमाता हसदेव बांगो बांध के समीप 800 मेगावाट क्षमता वाले पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट पर काम शुरु किया जाएगा। सीएसपीजीसीएल (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी) और एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उद्यम के रुप में विकसित की जाएगी। इसके लिए पहले ही एमओयू किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के हसदेव बांगो बांध सिकासेर, कोटपाली, रोनी, दंगरी, कुरुंड में पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट स्थापित किए जाने की योजना बनाई गई है। बस्तर में पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट के जरिए 5700 मेगावाट विद्युत उत्पादन की तैयारी शुरु कर दी गई है।

## थर्मल से आगे बढ़कर हरित उर्जा पर फोकस

**खास बातें**

- पंप स्टोरेज और सौर परियोजनाओं से बदलेगा उर्जा परिदृश्य
- पर्यावरण को बचाने हरित उर्जा पर फोकस



| प्रोजेक्ट | क्षमता | स्थान |
|---|---|---|
| हसदेव बांगो बांध | 800 मेगावाट | कोरबा |
| सिकासेर | 1200 मेगावाट | गरियाबंद |
| कोटपानी | 1800 मेगावाट | बलरामपुर |
| रौनी | 2100 मेगावाट | जशपुर |
| दंगरी | 1400 मेगावाट | जशपुर |
| कुरुंद | 1000 मेगावाट | गरियाबंद |

## मांग बढ़ने पर ग्रिड संतुलन में मदद करेगा

राज्य में पिकआवर के दौरान डिमांड बढ़ने पर ग्रिड संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। यह पारंपरिक पन बिजली के विपरीत एक ही पानी का बार बार उपयोग कर सकता है। बिजली की मांग में अचानक उतार चढ़ाव को संतुलित करने में यह तकनीक मदद करेगा। दरअसल यह तकनीक एक बड़ी रिचार्जेबल बैटरी की तरह काम करता है इसमें गुरुत्वाकर्षण का उपयोग होता है। जब बिजली की मांग कम होती है तो पानी को नीचे के जलाशय से ऊपर के जलाशय में पंप किया जाता है। जब बिजली की मांग अधिक होती है तो ऊपर से पानी छोड़ दिया जाता है। यह पानी टरबाइन में गिरता है और बिजली पैदा की जाती है।

दरअसल राज्य में बिजली की मांग लगातार नए रिकार्ड बना रही है। हाल ही में राज्य में पिकआवर के दौरान बिजली ⏭ शेष पेज 3 पर

## जीनस कंपनी द्वारा जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर

# स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मियों द्वारा पैसे वसूली की शिकायत, कंपनी के अधिकारी को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विद्युत वितरण विभाग द्वारा नए स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। जिसका काम जीनस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। पिछले डेढ़ वर्षों से भी अधिक समय से कंपनी

**खास बात**

- कंपनी के अधिकारियों एवं वेंडरों की ली बैठक में दी गई हिदायत

द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। लेकिन मीटर लगाने की रफ्तार लगातार पिछड़ती जा रही है साथ ही ठेका कंपनी में काम करने वाले युवकों द्वारा मीटर लगाने के नाम से कुछ स्थानों में पैसे की डिमांड भी की जा रही है। जब शिकायत सामने आयी तो विद्युत विभाग के अफसर इस मामले को गंभीरता से लिया है और जीनस कंपनी के अधिकारियों की मीटिंग लेकर उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की शिकायत सामने आएगी तो उनके खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई की जाएगी।



कंपनी के अधिकरियों एवं वेंड़रों की बैठक लेते डीई चौहान।

उल्लेखनीय की जिले में 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इसके लिए पिछले डेढ़ वर्षो से भी अधिक समय से जिले के अलग-अलग जोन व ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर लगाने का काम जीनस कंपनी के कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है। अभी तक जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगभग पूरा हो जाना था, लेकिन मीटर लगाने की रफ्तार लगातार बिछड़ते ही जा रही है। जिसका असर अब विभाग पर भी पड़ने लगा है वहीं मीटर लगाने के लिए पहुंचने वाले जीनस कंपनी के कर्मियों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में हुकिंग या फिर अन्य किसी तरह के झांसे में लेकर उपभोत्ताओं को डराकर पैसे की उगाही की जा रही थी। विगत दिनों मामला सामने आने पर विद्युत वितरण विभाग के शहरी डीई राजेश चौहान ने मामले को गंभीरता से लिया और उन्होंने जीनस कंपनी के अधिकारियों को तत्काल तलब किया था। बुधवार को अपने कार्यालय बुलाकर सभी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें साफ हिदायत दिए हैं कि तय समय के भीतर जल्दी से जल्दी मीटर लगाने का काम करें और यदि अब किसी भी तरह की पैसे की उगाही की शिकायत सामने आती है तो उनके खिलाफ पुलिस में भी मामला दर्ज कराया जाएगा। वहीं दूसरी ओर मीटर रीडिंग करने वाले युवकों की भी मीटिंग ली गई थी और उन्हें हर महीने तय समय के भीतर मीटर रीडिंग करने की हिदायत दी गई है। साथ ही रीडिंग के कार्य में किसी तरह की लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करने की बात कही गई है।

### पैसे वसूलने की मिली थी शिकायत

स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी में काम करने वाले कुछ लोगों ने शहर के मीटर लगाने के दौरान उपभोक्ताओं से पैसे की डिमांड की थी। जिसकी मौखिक शिकायत सामने आने पर मैंने मामले को अमल में लिया है और जीनस कंपनी के अधिकारियों की तत्काल मीटिंग लेकर उन्हें साफ चेतावनी जारी की है। यदि किसी भी तरह की अवैध उगाही की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**राजेश चौहान,** डीई, वितरण विभाग शहर

# रील बनाने युवक ने नदी में लगाई थी छलांग, 48 घंटे बाद मिला शव



नदी में तलाश करती रेस्क्यू टीम।



निखिल सिंह

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर अहिरन नदी में 12 मई को हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रील बनाने के दौरान एक युवक की जान जाने का मामला सामने आया है। तीन दिनों पहले युवक अहिरन नदी में छलांग लगाई थी। जिसके बाद वह लापता हो गया था, जिसकी खोजबीन की जा रही थी। बुधवार की देर रात इसका शव नदी से बाहर आ गया। जिसके बाद शव को बाहर निकालकर मामले में वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की अहिरन नदी की है। जहां निवासरत निर्मल सिंह ठाकुर का पुत्र निखिल सिंह 12 मई को अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए विकासनगर स्थित अहिरन नदी गया हुआ था। जहां रील बनाने के लिए उसने मोबाइल पर वीडियो भी बनवाया था और उपर से जंप लगाया था। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद से पुलिस और गोताखोरों की टीम ने लगातार दो दिनों तक सर्च ऑपरेशन चलाया। 48 घंटे तक शव की तलाश करने के बाद बुधवार देर शाम रेस्क्यू अभियान बंद कर दिया गया। देर रात को तभी अचानक निखिल का ⏭ शेष पेज 3 पर

# पत्नी के चरित्र पर करता था संदेह पति ने कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पति अपनी 34 वर्ष की पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और अक्सर दोनों पति-पत्नी के बीच इसी बात को लेकर वाद विवाद की

**खास बात**

- पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरहामुड़ा की घटना, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्थिति निर्मित होती थी। गुरुवार को भी पुनः इसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने आवेश में आकर पास में रखे कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतका।

जानकारी के अनुसार मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरहामुड़ा की है। यहां निवासरत रामाशंकर यादव 40 वर्ष अपनी 34 वर्षीय पत्नी पूर्णिमा यादव पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। पुलिस के मुताबिक रमाशंकर यादव गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे अपनी पत्नी पूर्णिमा यादव से कहा सुनी करने लगा। जहां दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि रमाशंकर ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक रमाशंकर यादव अपनी पत्नी पूर्णिमा यादव के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था। हत्या की वारदात के बाद घटना की सूचना मिलने पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी रमाशंकर यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# बांकीमोंगरा में बाजार पुनर्निर्माण का विरोध, पालिका कार्यालय में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर के डेली मार्केट को संवारने पुनः निर्माण कराने के लिए नोटिस थमाने से आक्रोशित सब्जी

**खास बात**

- चर्चा के बाद भी नहीं बनी सहमति, सब्जी विक्रेताओं ने आंदोलन तेज करने का लिया निर्णय

विक्रेताओं ने नगर पालिका बांकीमोंगरा कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेता भागवत विश्वकर्मा के नेतृत्व में लगभग घंटे भर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नगर प्रशासन



विरोध प्रदर्शन करते सब्जी व्यवसायी।

ने प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिए बुलाया लेकिन सब्जी व्यवसायियों व प्रशासन के बीच सहमति नहीं बनने से बिना किसी नतीजे के आंदोलन समाप्त हुआ। अब नई रूपरेखा तय कर डेली मार्केट के सब्जी विक्रेताओं ने आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है।

सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि नगर का डेली मार्केट लगभग 25 साल पुराना है। कई सब्जी विक्रेताओं के परिवार की आजीविका डेली मार्केट से हो रही है। इसका पुनः निर्माण कराकर संवारने सब्जी विक्रेताओं को नोटिस थमाया गया है। दूसरी ओर भाजपा नेता विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका ⏭ शेष पेज 3 पर

## 15 अगस्त तक सर्वे रिपोर्ट देनी होगी शासन को

# आवासीय पट्टा के लिए सर्वे शुरू, कलेक्टरों को निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विष्णु देव सरकार ने आवासीय पट्टे के लिए प्रक्रिया अब प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर जल्द सर्वे प्रारंभ करने कहा है। 15 अगस्त तक सर्वे रिपोर्ट शासन को जमा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है।

शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों को पट्टा अधिकार प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्र के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 के अंतर्गत सर्वे कार्यवाही कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सभी नगरीय निकायों में राजस्व एवं नगरीय प्रशासन के अधिकारियों-



फाइल फोटो

कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर सर्वे किया जाएगा। सर्वे के बाद पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर 15 अगस्त तक संचालक भू-अभिलेख, नवा रायपुर को भेजी जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि सर्वे के दौरान जल प्रदूषण निवारण अधिनियम 1974, वन संरक्षण अधिनियम 1980 तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह पहल नगरीय क्षेत्रों में वर्षो से निवासरत आवासहीन परिवारों को वैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस संबंध में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। राजस्व एवं नगर निकाय की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे जल्दी प्रारंभ किया जाएगा। जिले के कोरबा नगर पालिक निगम, बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद, दीपका नगर पालिका परिषद, कटघोरा नगर पालिका परिषद,छुरी नगर पंचायत, पाली नगर पंचायत में आवासीय पट्टे के लिए प्रक्रिया प्रारंभ होगी।




खबर संक्षेप

### निमार्णाधीन मकान में चोरी, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** निमार्णाधीन मकान से सामान चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 10 मई को चिल्हाटी श्याम विहार निवासी शिवकुमार पाण्डेय की निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर टी टेबल, स्विग चेयर, कॉर्नर टेबल, 3 नग लोहे का दरवाजा, लोहे की सीढ़ी, जीआई पाइप सहित 30 हजार का सामान चोरी कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ओमप्रकाश कुर्रे, मूरली भार्गव न अन्य ने चिल्हाटी टंकीपारा निवासी चक्कू उर्फ धर्मजीत रात्रे पिता धनउराम रात्रे 26 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री पाण्डेय के मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेहीं पर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### नदी में कटा हाथ का पंजा मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** नदी में कटा हुआ हाथ का पंजा मिलने से सनसनी फैल गई। पानी में हाथ का पंजा बहकर आने की संभावना जताई जा रही है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 14 मई को पण्डरा पथरा के ग्रामीणों ने अरपा नदी में कटा हुआ हाथ का पंजा देखा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर जाकर पतासाजी की तो जानकारी मिली कि नदी के किनारे शमशान घाट है। पिछले दो दिनों से हुई बारिश से दफन शव का हाथ बाहर निकालने पर किसी जानवर ने पंजा काटकर अलग कर दिया है।

### गुम चांदी से भरा पार्सल कबाड़ दुकान में मिला

**बिलासपुर।** कोरियर ब्याय की गाड़ी से चांदी से भरा पार्सल सड़क किनारे कबाड़ी के दुकान में मिला। पार्सल से कुछ चांदी के जेवर गायब हैं। पुलिस कबाड़ी की तलाश कर रही है। 10 मई को सदरबाजार के एक सराफा व्यापारी ने राजकोट से 28 किलो चांदी के जेवर मंगाया था। अलग अलग दो पैकेट में लॉजिस्टिक कोरियल के जरिए पार्सल शहर भेजा गया। कोरियर ब्याय बोरी में पार्सल बांधकर छोड़ने के लिए सदरबाजार आ रहा था। शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड चौक के बीच 18 किलो चांदी के जेवर सहित पार्सल गिर गया था। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कोतवाली पुलिस ने सूर्या चौक के आगे गार्डन के पास सड़क किनारे कबाड़ी दुकान चलाने वाले कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने पार्सल मिलना स्वीकार कर लिया। उसकी दुकान से पार्सल बरामद कर सराफा व्यापारी को लौटा दिया। बताया जाता है पार्सल के कुछ चांदी के जेवर गायब हैं। पुलिस कबाड़ी की तलाश कर रही है।

### रोजगार मेला 20 को 495 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 20 मई को सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 7 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें बीमा सखी एलआईसी, लाइफ मित्र, फील्ड ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर , मशीन ऑपरेटर , सेल्स ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, सुपरवाईजर एवं लेबर सहित कुल 495 पद शामिल हैं। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अधिक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी बिलासपुर से प्राप्त की जा सकती है।

पीएम शहरी आवास योजना-टू के तहत आवास निर्माण के लिए 141 करोड़ स्वीकृत | पंप हाउस, मिट्टी टीला, मिनीमाता, अमेरी व परसदा में बनेंगे आवास

# नगर निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर बनेंगे 2 हजार 465 आवास

**बिलासपुर।** नगर निगम में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना वन तहत आवास निर्माण का पुराना टेंडर विवादों के चलते निरस्त हो गया था और नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 अंतर्गत नए आवास निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। शासन की ओर से 2 हजार 465 आवासों की स्वीकृति दी गई है और लगभग 141 करोड़ राशि की यह परियोजना है, जिसमें निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर आवासों का निर्माण कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तहत जो 2 हजार 465 आवास निर्माण की स्वीकृत किए गए हैं और उसके लिए 141 करोड़ रुपए स्वीकृति मिली है, उसमें केन्द्रांश व राज्यांश दोनों शामिल है। शासन से आवास की स्वीकृति



मिलने के बाद अब आवास निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-टू के अंतर्गत नगर निगम एरिया में 6 स्थानों का चयन आवास निर्माण के लिए किया गया है। इसमें पंप हाउस, मिट्टी टीला, मिनीमाता, तालापारा, अमेरी और परसदा में आवास निर्माण कराया जाएगा। इसमें पंप हाउस के पास 290 आवास, मिट्टी टीला के पास 261 आवास, तालापारा में 261 आवास व मिनीमाता में 725 आवास तथा अमेरी में 580 आवास और परसदा में 348 आवास बनाया जाएगा। इस तरह कुल 2 हजार 465 आवासों का निर्माण कराया जाएगा। इसमें परसदा व अमेरी में स्लम के पुनर्वास के लिए आवास निर्माण कराया जाएगा।

### तालापारा, मिनीमाता में फाउंडेशन के बंद पड़ा काम

प्रधानमंत्री आवास योजना वन तहत पहले तालापारा व मिनीमाता तालाब किनारे आवास निर्माण स्वीकृत हुआ था। लेकिन आवास का काम फाउंडेशन के बाद आगे नहीं बढ़ पाया था, इसलिए पूर्व स्वीकृत आवास निरस्त कर दिया गया था। इसके तहत तालापारा में 261 आवास बनाने का प्रस्ताव था जबकि मिनीमाता तालाब के किनारे 725 आवास बनना था। इस तरह कुल 986 आवासों का निर्माण यहां पर होना था। तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब काफी बड़ा है। तालाब के मेढ़ वाली जमीन पर बेजा कब्जा में कच्चा मकान बनाकर 725 परिवार रह रहे थे। नगर निगम द्वारा इनका सर्वे कराया गया था। इन 725 परिवारों को नगर निगम द्वारा तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना तहत पक्का मकान बनाकर दिया जाना था।

### स्लम बस्ती की गई शिफ्ट

आवास निर्माण के लिए मिनीमाता तालाब की मेढ़ पर जो कच्चे मकान बने थे, उनमें रहने वाले परिवारों को अस्थाई रूप से शिफ्ट करने और अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई थी। इस तरह तालाब की मेढ़ से 174 परिवारों को दयालबंद मधुबन स्थित आवास में शिफ्ट किया गया और उसके बाद उनके कच्चे मकानों को तोड़ा गया, उसके बाद भी काफी परिवार वहां पर रह गए हैं और उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पाई, जिससे जगह भी खाली नहीं हो पाया। दूसरी तरफ केवल आवास निर्माण के लिए फाउंडेशन का काम ही हो पाया था, उससे आगे काम नहीं बढ़ पाया था। इसलिए नगर निगम ने पूर्व स्वीकृत आवासों को निरस्त कर दिया था।

### वर्ष 2019 में जारी हुआ था कार्यादेश

इन आवासों के लिए भिलाई के बीएसबीके प्राईवेट लिमिटेड को ठेका मिला है और कार्यादेश वर्ष 2019 में जारी किया गया था। इस कार्यादेश के तहत आवास निर्माण का कार्य 36 माह में पूरा करना था, लेकिन ठेका कंपनी बीएसबीके द्वारा अनुबंध अनुसार आवासों में स्लम के अंतर्गत प्रस्तावित आवासों का कार्य अस्थाई व्यवस्थापन कोविड के कारण नहीं किया जा सका। ठेका कंपनी द्वारा समयावधि में आवास का निर्माण पूरा नहीं किया गया। ठेका कंपनी द्वारा कास्ट बढ़ने पर अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही थी, जिसके कारण काम बंद पड़ा था और मामला न्यायालय तक पहुंच गया था।

### एस्कलेशन व जीएसटी के भुगतान का लफड़ा

आवास निर्माण करने वाली भिलाई की ठेका कंपनी बीएसबीके को नगर निगम सीमा में कई जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आवास निर्माण का ठेका मिला था। ठेका कंपनी द्वारा एस्कलेशन एवं जीएसटी के भुगतान के लिए उच्च न्यायालय में मामला लगाया गया था। नगर निगम द्वारा ठेका कंपनी को कुछ भुगतान भी किया जा चुका था। समयावधि में काम नहीं करने पर ठेका कंपनी पर निगम द्वारा कार्रवाई गई थी।

### मिल गई है स्वीकृति

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 अंतर्गत नगर निगम में 2465 नए आवासों की स्वीकृति मिल गई है और आगे आवास निर्माण के लिए टेंडर होना है। निगम क्षेत्र में 6 जगहों पर आवास निर्माण कराया जाना है।

**-एसपी साहू,** प्रभारी आवास शाखा नगर निगम

तेज हवा से गिरते हैं पेड़, बंद हो जाती है बिजली

# जर्जर पेड़ों से हो रही दुर्घटना, वन विभाग के पास काटने की फुर्सत नहीं



### नेचर सिटी के पास हुआ हादसा

बुधवार को तेज आंधी चलने से सकरी रोड स्थित नेचर सिटी के गेट के पास एक बड़े पेड़ की डंगालें गिर गईं, पेड़ का तना बच गया है, जो पूरी तरह जर्जर हो गया है, इससे आने वाले दिनों में फिर कोई हादसा हो सकता है। इस रोड पर इस तरह के और भी कई जर्जर पेड़ हैं। इसके अलावा शहर के अंदर कई जगह जर्जर पेड़ खड़े हैं। इन पेड़ों की कटाई नहीं होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हरे-भरे पेड़ों पर तो कुल्हाड़ी चला दी जाती है, लेकिन जो पेड़ जर्जर और अंदर से खोखले हो चुके हैं, वन विभाग के पास उसे काटने की फुर्सत नहीं है। ये जर्जर पेड़ और उसकी डाली तेज हवा के चलते बिजली के तारों पर गिरते हैं, जिसके कारण सबसे अधिक समस्या बिजली बंद की हो रही है।

शहर और ग्रामीण एरिया में सड़क के दोनों ओर लगाए गए हरे-भरे पेड़ों से पहले लोगों को राहत मिलती थी, लेकिन सड़क चौड़ीकरण करने के चक्कर में सैकड़ों की संख्या में हरे-भरे पेड़ों की बलि भी दे दी गई है। लोगों को पेड़ों के कटने से राहत तो दूर छांव तक नसीब नहीं हो पा रही है। वर्तमान में कुछ पेड़ बचे हुए हैं, जिसमें से कई पेड़ जर्जर हो चुके हैं। पेड़ के तने के बीच में खोखले और नीचे की हालत भी काफी खराब हो चुकी है।

वन विभाग के साथ पौधरोपण और उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी प्रशासन की भी होती है। कई लोग अपने घर के सामने पौधरोपण करते हैं, लेकिन जर्जर होने के बाद उसकी ओर देखना भी पसंद नहीं करते हैं। इसका नुकसान दूसरे लोगों को भुगतना पड़ता है। विद्युत वितरण कंपनी भी खंभे लगाने के साथ केबल को पेड़ों के नीचे




सकरी रोड पर अधिकांश वृक्ष खोखले और जर्जर दिखाई दे रहे हैं।

ही निकालती है। राजस्व भूमि के अलावा नगर निगम और वन भूमि पर लगाए गए ऐसे सैकड़ों पेड़ हैं, जो जर्जर हो चुके हैं। ऐसे जर्जर पेड़ों से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। तेज हवा और बारिश के चलते जर्जर हो चुके पेड़ जड़ सहित बिजली विभाग के बिछाए गए केबल पर गिरते हैं, जिसके कारण बिजली बंद की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है।

पेड़ और उसकी डंगाल को हटाने में भी बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों का पसीना छूट जाता है। इसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी किसी भी जर्जर पेड़ों को काटने की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

### सूचना पर काटा जाता है पेड़

शहर में राजस्व विभाग की जमीन पर पेड़ लगे हैं, वहीं कई निजी व्यक्ति के सामने पुराने पेड़ हैं। जर्जर पेड़ों को काटने के लिए निजी व्यक्ति आवेदन देते हैं। वहीं राजस्व विभाग से पत्र मिलने के बाद ही उन पेड़ों को काटा जाता है। विभाग की ओर से केवल वन भूमि की जमीन पर लगाए गए पेड़ों को ही काटने के लिए चिन्हांकित किया जाता है। राजस्व व निजी व्यक्ति के पत्र पर उक्त पेड़ों को काटने के लिए कुछ राशि जमा कराई जाती है।

**-यशपाल वर्मा,** रेंजर, वन मंडल बिलासपुर



## गोंड़पारा वासियों ने बृहस्पति बाजार विस्थापन का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा बृहस्पति बाजार को मुन्नूलाल शुक्ल स्कूल परिसर गोड़पारा में विस्थापित किए जाने के प्रस्ताव का गोंड़पारा वासियों ने कड़ा विरोध किया है। क्षेत्रवासियों की ओर से अमन नामदेव के नेतृत्व में आयुक्त, नगर निगम को ज्ञापन सौंपकर इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

■ आंदोलन की दी चेतावनी

गोंड़पारा वासियों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही अत्यंत घनी आबादी वाला है, जहां सड़कें संकरी हैं तथा पार्किंग एवं यातायात की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। स्कूल परिसर के आसपास पहले से ही कई छोटे बाजार संचालित हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में बृहस्पति बाजार को यहां स्थानांतरित करना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित करेगा। क्षेत्रवासियों ने विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा एवं सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि स्कूल परिसर के पास भारी भीड़ एवं बाजार लगने से विद्यार्थियों का अध्ययन वातावरण प्रभावित होगा तथा महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2007 में चांटीडीह बाजार तोड़े जाने के बाद आज तक अनेक छोटे सब्जी व्यापारी स्थायी व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बिना दीर्घकालिक एवं व्यवस्थित योजना के गोंड़पारा क्षेत्र पर अतिरिक्त बोझ डालना अनुचित एवं अव्यवहारिक है।

गोड़पारा वासियों ने मांग की है कि किसी भी निर्णय से पूर्व स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहमति ली जाए तथा बाजार के लिए ऐसा वैकल्पिक स्थल चयनित किया जाए जहां यातायात, पार्किंग एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध हो। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से उग्र जनआंदोलन, धरना एवं जनविरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## बैंक के पास लोगों को कमीशन का लालच देने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक के पास लोगों को बैंक खाते के बदले कमीशन का लालच देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 14 मई को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली कि व्यापार विहार स्टेट बैंक के आसपास एक युवक खड़े होकर बैंक में आने जाने वाले लोगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने पर मोटी रकम कमीशन में देने का लालच दे रहा है।



पुलिस ने बैंक के पास से दबिश देकर घेराबंदी करते हुए सूरजपुर बसदई सिरसी निवासी दीपेश कुमार गुप्ता पिता दिलीप कुमार गुप्ता 21 साल को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने विभिन्न व्यक्तियों से बैंक खाते एवं बैंकिंग की जानकारी लेकर उन्हें आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को उपलब्ध कराना स्वीकार कर लिया। बदले में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। उसके पास से एक मोबाइल जब्त किया गया। जिसमें विभिन्न बैंकों के खातों से संबंधित जानकारी एवं मोबाइल नम्बर मिले हैं। पुलिस उक्त मोबाइल डेटा एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### म्यूल अकाउंट साइबर अपराध का स्लीपर सेल

आईपीएस गगन कुमार ने बताया, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि ऐसे म्यूल अकाउंट सिंडिकेट साइबर अपराधियों के लिए स्लीपर सेल की तरह कार्य करते हैं। ये लोग सामान्य नागरिकों के बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने, ट्रांसफर करने एवं तुरंत निकालने के लिए करते हैं। जिससे वास्तविक अपराधियों तक पहुंचना कठिन हो जाता है। साइबर अपराधों में उपयोग होने वाले ऐसे बैंक खाते राष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा होते हैं। इनके माध्यम से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी देशभर में की जाती है।

## आरपीएफ ने 60 आरोपियों से जब्त किया 2.86 करोड़ का गांजा

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने जोन स्तर पर चलने वाले आपरेशन नारकोस अभियान के तहत जांच करते हुए स्टेशन और ट्रेनों से 60 आरोपियों को पकड़कर 2 करोड़ 86 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। इन सभी आरोपियों को पकड़कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया गया है।

सड़क परिवहन में लगातार जांच के कारण ओडिशा की ओर से गांजा तस्कर अब ट्रेन को माध्यम बना चुके हैं। प्रतिदिन हावड़ा से ओडिशा होकर बिलासपुर, रायपुर और नागपुर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में गांजा की तस्करी लगातार हो रही है। रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में रेलवे सुरक्षा बल की टीम आपरेशन नारकोस के तहत अभियान



चला रही है, जिसमें सभी ट्रेनों के अलावा स्टेशन पर संदिग्धों से पूछताछ कर गांजा जब्त किया जा रहा है। इस कार्य के लिए तीनों डिवीजन में स्थित सीआईबी, एसआईबी को एक्टिव किया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान आरपीएफ की टीम ने अभियान चलाकर कुल 63 मामलों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 1 करोड़ 70 लाख रुपए का 713.522 किलो गांजा जब्त किया था।

इसी तरह वित्तीय वर्ष 2026 में अप्रैल और मई के दौरान यह आंकड़ा काफी बढ़ गया है। आरपीएफ की टीम ने पिछले दो माह के अंतराल में 38 मामलों में 60 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 2 करोड़ 86 लाख रुपए के 572.729 किलो गांजा जब्त किया गया है। इस अभियान में मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेन 12843 पुरी-अहमदाबाद, 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, 12807 समता एक्सप्रेस, 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर, 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस में लगातार जांच की जा रही है।

## कोयले से भरी मालगाड़ी में आग लगने से हड़कंप



**बिलासपुर।** सुबह रायगढ़ से बिलासपुर की ओर आ रही कोयले से भरी मालगाड़ी के वैगन में अचानक धुआं निकलने से हड़कंच मच गया। गतौरा स्टेशन पर ट्रेन रोकने के बाद आग को बुझाया गया। इस दौरान लाइन पर आ रही दूसरी गाड़ियों को अन्यत्र स्टेशन पर नियंत्रित किया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर जयरामनगर से बिलासपुर स्टेशन की ओर आ रही कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन से तेज धुआं निकलने लगा। आग लगने की आशंका को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी गई।

सूचना मिलते ही ट्रेन को गतौरा स्टेशन पर रूकवाया गया। वहीं जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फायर ब्रिग्रेड के स्टेशन पहुंचने के बाद उक्त धुआं निकलने वाले वैगन के कोयले को ठंडा किया गया। अधिकारियों के हरी झंडी दिखाने के बाद मालगाड़ी को बिलासपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

## कोरबा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन






**कोरबा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, कोरबा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र हर्ष पटेल ने (विज्ञान संकाय) 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं श्रेयांश निषाद ने (गणित संकाय) 83.4 प्रतिशत, प्राची तिवारी ने (विज्ञान संकाय) 82.8 प्रतिशत तथा जूही चक्रवर्ती ने (कॉमर्स) 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। अभिभावकों ने इसे बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के अनुशासित वातावरण का परिणाम बताया। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती अंजलि अग्रवाल मैडम ने कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है तथा विद्यार्थियों ने अपने समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। डायरेक्टर श्री आशीष अग्रवाल सर ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है और बच्चों ने कठिन परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के बल पर शानदार सफलता प्राप्त की है। वहीं प्राचार्य श्री सचिन शुक्ला सर ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।

## सभा, जुलूस एवं रैली में हथियार लेकर चलने पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन मई-2026 हेतु समय-सारणी जारी कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 8 मई से 4 जून तक आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिला सक्ती अंतर्गत जनपद पंचायत सक्ती के ग्राम पंचायत ऋषभतीर्थ (रेनखोल), पतेरापाली कला (जुनवानी) में पंच पद हेतु तथा बाराद्वार बस्ती में सरपंच पद हेतु, जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम पंचायत बीरभांठा में सरपंच पद हेतु एवं ग्राम पंचायत परसा में पंच पद हेतु, जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत बिनौधा में पंच पद हेतु तथा जैजैपुर के ग्राम पंचायत करही, कोटेतरा एवं अकलसरा में पंच पद हेतु उप निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला दण्डाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

## सरकारी कर्मचारियों का देश के 66 अस्पतालों में इलाज

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने अपने अधिकारी व कर्मचारियों के लिए इलाज की बेहतर सेवा के लिए नया फरमान निकाला है। जिसमें निजी अस्पतालों में भी कर्मचारियों का कैशलैस इलाज हो सकेगा। साथ ही राज्य के बाहर देश के 66 अस्पतालों के लिए इलाज का आदेश जारी किया गया है।

■ मुंबई, दिल्ली व नागपुर के अस्पताल की भी सुविधा

शासकीय कर्मचारियों पर समय पर बेहतर और सुलभ इलाज मिल सके इसके लिए राज्य सकार ने शासकीय सेवक और उनके आश्रित परिजनों के लिए इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। 1 अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक के लिए 152 अस्पतालों को इलाज की मान्यता प्रदान की गई है। इसमें रायपुर के 43 अस्पताल शामिल है, वहीं देश के नागपुर, नई दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, चेन्नई,इंदौर, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, बैग्लोर, कोलकाता जैसे शहरों के विश्व विख्यात अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी गई है। इलाज का फायदा लेने के लिए जिले के सिविल सर्जन की अनुशंसा व रिफरल प्रमाण पत्र की आवश्यकता मरीज व परिजनों को लेनी होगी। वहीं आकस्मिक परिस्थितियों में इलाज के बाद या मुख्यालय पहुंचने के लिए 7 दिनों के भीतर कार्यालय प्रमुख को सूचना देना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### पेड़ के नीचे गुड बेच रहे वृद्ध पर गिरा डंगाल, मौत

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी कोलटापारा निवासी मिनकेतन प्रधान आ. स्व. गनसो प्रधान (62 वर्ष) 13 मई को लखनपुर साप्ताहिक बाजार में गुड़ बेचने गया था। ग्रामीण लखनपुर सेन्ट्रल बैंक के बगल में पीपल पेड़ के नीचे चबूतरा में बैठक कर गुड़ बेच रहा था। दोपहर 3 बजे मौसम बदलने के साथ तेज आंधी तूफान चलना शुरू हो गया। इसी बीच पीपल पेड़ का मोटा डंगाल टूट कर ग्रामीण के ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शाम 5.40 बजे ग्रामीण की मौत हो गई।

### 75 हजार के नशीले इंजेक्शन, एक गिरफ्तार

सूरजपुर। नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने 75 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस ने रेल्वे स्टेशन में अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन का आने का समय होने पर स्टेशन सूरजपुर रोड जाकर स्टेशन के बाहर ट्रेन से उतर कर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ किया जा रहा था उसी समय एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन के बाहर हाथ में झोला रखा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने नाम मदनेश्वर प्रसाद आ. स्व. राम रतन (35 वर्ष) व ग्राम सोनपुर चौकी बसदेई का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे झोला की तलाशी ली तो 75 हजार रुपये कीमत का नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि एक व्यक्ति 20 हजार रुपये नशीली इंजेक्शन खरीदने के लिए दिया था जिसके बाद मध्यप्रदेश के एक जिले के एक मेडिकल स्टोर से नशीली इंजेक्शन खरीदकर ला रहा था। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### पेट्रोल पम्प मैनेजर से लूट के मामले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार



अंबिकापुर। पेट्रोल पम्प के मैनेजर से 61 हजार रूपए से अधिक की लूट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस लूट का मास्टर माइंड पेट्रोल पम्प का पूर्व कर्मचारी ही निकला जो पूर्व में की गई चोरी के बाद काम से निकाले जाने से नाराज था।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शिवचंद वर्मा आ. अर्जुन प्रसाद वर्मा मैनपाट के कुम्हारता नचाई स्थित वेदिका पेट्रोल पंप का मैनेजर है। मैनेजर शिवचंद वर्मा 7 मई को वेदिका पेट्रोल पंप से हिसाब किताब करने के बाद नगदी रकम 61 हजार 670 रूपए लेकर वापस अम्बिकापुर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में नचाई चौक के पास दो बाईक में चार नकाबपोश लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की दमकी दी। लुटेरे मैनेजर के पास रखा नगदी रकम, मोबाइल फोन, हिसाब किताब की डायरी और बाइक लूटकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत मैनेजर ने पुलिस से की थी जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। दरिमा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने दरिमा से गांधीनगर के बीच सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज की जांच की इसके साथ ही लोगों से पूछताछ की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज व लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान दुर्गेश, आकाश झारिया, निशांत नगेसिया एवं एक अन्य के रूप में की। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दुर्गेश उर्फ यश ईमालीया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह पूर्व में वेदिका पेट्रोल पंप में काम करता था

### आंधी तूफान से बिजली के पोल उखड़े, टूटे तार

तनौद। तेज आंधी-बारिश से ग्राम तनौद, भुईगांव, कमरीद, देवरघटा में तेज आंधी तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेज हवा से सैकड़ों की संख्या में बिजली के पोल उखड़ गए हैं एवं तार टूट गए हैं। चारों गांवों में रात भर बिजली आने की संभावना नहीं है। सैकड़ों पेड़ धराशायीः सड़क एवं खेतों में सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए हैं, जिससे आवागमन बाधित है। कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए हैं एवं दीवारें गिर गई हैं। गरीब परिवार खुले में रहने को मजबूर हैं। फसल को नुकसान खेतों में खड़ी मक्का, सब्जी एवं अन्य फसलें आंधी-बारिश से चौपट हो गई हैं। बिजली न होने से नल-जल योजना एवं हैंडपंप भी बंद हैं।

## कोरकोमा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और केराकछार प्राथमिक शाला को मॉडल स्कूल बनाने दी सहमति

# केराकछार के सुशासन तिहार में कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का किया वादा



शिविर में शामिल अधिकारी व जनप्रितनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले में 1 मई से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम केराकछार में 10 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर के साथ जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर ग्रामीणों से वेदन प्राप्त किए गए और विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद सदस्य एवं सरपंच उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 641 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 163 आवेदनों का निराकरण तत्काल मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

स्टॉल निरीक्षण के पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि यह शिविर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनने और उनके निराकरण के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी लेने और आवेदन जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्राप्त आवेदनों की समय-सीमा में समीक्षा कर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि शासन द्वारा किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में किया जा रहा है, जिससे धान विक्रय एवं अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें आसानी से मिलेगा। 15 मई से 15 जून तक पंजीयन की प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन कराने की अपील की। बागवानी फसल को बढ़ावा देने की बात करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि जिला प्रशासन द्वारा बागवानी फसल के लिए 90 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। किसान आपसी सहयोग से 8 से 10 एकड़ क्षेत्र में बागवानी फसल ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को पशुपालन और मछलीपालन को आजीविका का साधन बनाने हेतु प्रेरित किया। क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के विषय में कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा रखी गई डेम-बांध की मांग पर जलसंसाधन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बुंदेली की स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित वॉशिंग पाउडर की सराहना करते हुए कहा कि महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि रेडी टू ईट सामग्री का निर्माण अब जिले में महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिससे महिलाएँ कौशल विकास और अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं।

### सिंघाली में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के संकल्प को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघाली में क्लस्टर स्तरीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिंघाली सहित देवरी, शुक्लाखार, डेलवाडीह, ढपढप, कसईपाली, विजयपुर, जवाली, पौसरा, तेलसरा एवं अरदा ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री प्रेमचंद पटेल रहे। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित मांगों एवं समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए, जिनके त्वरित निराकरण की दिशा में मौके पर ही कार्रवाई की गई। शिविर के माध्यम से आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद, विश्वास एवं पारदर्शिता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें उनके गांव में ही सहज रूप से प्राप्त हो सके।

### कलेक्टर के आत्मीयता भरे सवाल ने वृद्धा के चेहरे पर लाई मुस्कान



सुशासन तिहार केवल फाइलों के निपटारे का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच के प्रेम और विश्वास का संगम बनता जा रहा है। कोरबा ब्लॉक के सुदूर ग्राम केराकछार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुँचे थे, जिनमें विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार भी शामिल थे। अधिकारियों और जनसमूह के बीच सजे मंच की ऊँचाई तब बौनी साबित हुई, जब जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत मंच से उनकी नजर सामने कुर्सी पर बैठी 80 वर्ष की एक वृद्ध माँ पर पड़ी। कलेक्टर बिना किसी औपचारिकता के उस बुजुर्ग महिला के करीब जा पहुँचे और बड़े ही स्नेह से पूछा कैसी हो माताजी? राशनकार्ड से चावल मिल रहा है न? महतारी वंदन योजना के पैसे खाते में आ रहे हैं? जिले के कलेक्टर को अपने पास पाकर और इतनी आत्मीयता सुनकर बुजुर्ग महिला के चेहरे पर एक संतोष भरी मुस्कान खिल उठी। उन्होंने सहज भाव से उत्तर दिया हाँ साहब, सब मिल रहा है। कलेक्टर ने न केवल योजनाओं की जानकारी ली, बल्कि उनसे गाँव की समस्याओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के बारे में भी घर के सदस्य की तरह चर्चा की।

## आम नागरिक डिजीटल सेवा का उठा सकते हैं लाभ : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- सेवा सेतु छत्तीसगढ़ में सुशासन और डिजीटल प्रशासन का नया अध्याय
- यह व्यवस्था नागरिकों को भरोसा दिला रही है शासन उनकी सविधा व अधिकारों को प्राथमिकता दे रहा है

छत्तीसगढ़ में शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में सेवा सेतु एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल,त्वरित और डिजिटल माध्यम से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी सोच का परिणाम है कि अब आय,जाति, निवास प्रमाण-पत्र, विवाह पंजीयन, राशन कार्ड, भू-नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सेवा सेतु अन्तर्गत उपलब्ध सेवाओं का ऑनलाईन माध्यम में लाभ उठा सकते हैं।

पहले नागरिकों को अलग-अलग विभागों की सेवाओं के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। प्रमाण-पत्र बनवाने जैसी मूलभूत सेवाओं में समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बड़ी खपत होती थी। सेवा सेतु ने इस पारंपरिक व्यवस्था को बदलते हुए नागरिकों को वन स्टॉप सॉल्यूशन उपलब्ध कराया है। अब लोग ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर रहे हैं और निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राज्य शासन की यह पहल केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रशासनिक संस्कृति में बदलाव का भी संकेत है। यह व्यवस्था नागरिकों को यह भरोसा दिला रही है कि शासन उनकी सुविधा और अधिकारों को प्राथमिकता दे रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं।

समय की आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया,जिसमें अब 441 सेवाएं जोड़ी जा चुकी हैं। इनमें 54 नई सेवाएं शामिल हैं, जबकि विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का भी सफल एकीकरण किया गया है। तीस से अधिक विभाग इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल या कार्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनी हैं।

### हरदीबाजार कालेज में स्थायी प्राचार्य की मांग



हरदीबाजार। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कॉलेज में स्थाई प्राचार्य का मांग की है। ज्ञसात हो कि शासकीय ग्राम भारती महाविद्यालय हरदीबाजार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक विषय संकाय वाला कॉलेज है जो कि 2012-13 से शासकीय हो गया है जो कि कॉलेज की स्थापना मूल स्थान कॉलेज जुलाई 1983 में हो गया था लेकिन आज दिनांक तक कालेज में स्थाई प्राचार्य की पदस्थापना नहीं हो सकी है। मात्र प्रभारी प्राचार्य के भरोसे ही काम चलाया जा रहा है।

## ओपीएस, सीधी भर्ती को लेकर जनता यूनियन का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत को मांग पत्र सौपते प्रतिनिधि।

पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, ठेका एवं आउटसोर्स प्रथा की समाप्ति, सीधी एवं नियमित भर्ती तथा कोरबा में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट पावर प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने जैसे महत्वपूर्ण कर्मचारीहित एवं जनहित मुद्दों को लेकर विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा चलाए जा रहे प्रांतव्यापी जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान के तहत यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा की। यह प्रतिनिधिमंडल प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी के नेतृत्व एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास के संयोजन में उनसे मिला।

प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत को अवगत कराया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने विद्युत कंपनियों में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त नियमित कर्मचारियों के लिए अन्य शासकीय विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी, किन्तु सरकार परिवर्तन के बाद यह विषय ठंडे बस्ते में चला गया।

## एकतरफा प्यार में फायरिंग कांड, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर थाना क्षेत्र के दोन्द्रों संगम नगर में युवती के पिता पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी साहिल मासी की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने उस मास्टरमाइंड को भी सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है, जिसने वारदात के लिए देसी कट्टा उपलब्ध कराया था। आरोपी विवेक राजपूत घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसे पुलिस की विशेष टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया है।



आरोपी।

घटना 19 फरवरी की रात को हुई थी। साहिल मासी नामक युवक एक युवती से एकतरफा प्रेम करता था। युवती के परिजनों के विरोध करने पर आरोपी सनक गया और कट्टा लेकर उनके घर पहुँच गया। युवती के पिता से विवाद के दौरान साहिल ने उन पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद आरोपी भीड़ को डराने के लिए हथियार लहराते हुए फरार हो गया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी साहिल को अपराध की राह पर ले जाने और उसे हथियार दिलाने के पीछे विवेक राजपूत (24 वर्ष) का हाथ था। विवेक ने ही साहिल को देसी कट्टा और कारतूस दिए थे। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया मास्टरमाइंड विवेक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ बांगो थाना क्षेत्र में डकैती समेत कई अन्य गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पंप स्टोरेज...

की डिमांड 7118 मेगावाट तक पहुंच गई थी जो अब तक की सर्वाधिक बिजली खपत है। आने वाले वर्षों में मांग और वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार अब केवल विद्युत उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि ऊर्जा के भंडारण और संतुलन पर भी समान रुप से फोकस कर रही है। यही वजह है कि पारंपरिक थर्मल प्रोजेक्ट के बजाए सौर ऊर्जा और पंप स्टोरेज जैसे विकल्पों को प्राथमिकता दी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी और नेशनल हाईड्रोलिक पॉवर कार्पोरेशन द्वारा संयुक्त उद्यम के रुप में पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट की स्थापना पर काम कर रही है। जिले के बांगो स्थित मिनीमाता हसदेव बांगो बांध के समीप भी 800 मेगावाट क्षमता वाले पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट की स्थापना की जाएगी। इस 800 मेगावाट की परियोजना में लगभग 3417 करोड़ रुपए के निवेश होने का अनुमान है। यह परियोजना जिले के माचाडोली स्थित बांगो जलाशय में बनेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में नवीनीकरण ऊर्जा भंडारण क्षमता को बढ़ाना और ग्रिड स्थिरता में मदद करना है। बस्तर में 5700 मेगावाट क्षमता के पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट पर काम शुरु होने के बाद अब जल्द ही जिले के बांगो बांध में भी पंप स्टोरेज हाईड्रो प्रोजेक्ट पर काम शुरु किया जाएगा।

### रील बनाने...

शव नदी के पानी के ऊपर आ गया, जिसे बरामद किया गया। जिसके बाद गुरुवार को मामल में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। मृतक निखिल सिंह एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत एक डंपर ऑपरेटर का पुत्र था। युवक की असमय मौत के बाद से उसके परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं रील बनाने के चक्कर मे जान चली गई है। यह पहली घटना नहीं है। आजकल रील बनाने का ट्रेंड चल रहा है और लोग रील बनाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और काल के गाल में समा जाते हैं।

### बांकीमोंगरा में...

दफ्तर के मुख्य गेट पर धरना देकर सब्जी व्यवसायियों की मांग दो पार्ट में डेली मार्केट के पुनरू निर्माण कराने की है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। नोटिस पर संतोषजनक जवाब देकर स्पष्टीकरण की मांग व्यवसायियों की है। इनकी सबसे बड़ी चिंता डेली मार्केट के स्थान पर काम्लेक्स के निर्माण की चर्चा भी है। इससे सब्जी विक्रेताओं को उनके रोजगार का विकल्प छीनने का भी डर सताने लगा है। सब्जी विक्रेताओं ने कहा मंगलवार की दोपहर 3.30 बजे से लगभग घंटेभर चले आंदोलन के बाद नगर पालिका प्रशासन की प्रतिनिधि मंडल से चर्चा भी हुई। लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया और बिना किसी नतीजे के चर्चा समाप्त हो गई। सब्जी विक्रेता अब आगे रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

## सूखी क्षेत्र जीवनदायिनी लीलागर नदी की धारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भीषण गर्मी का प्रकोप से जहां तालाब, नाले, कुंए, बोर सूख चुके और सूख रहे हैं। वहीं क्षेत्र की एकमात्र जीवनदायिनी लीलागर नदी की धारा भी थम गई। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा पड़ने वाले आबादी क्षेत्र में स्टाप व चेक डेम बने हैं। जिसमें पानी रुके रहने से निस्तारी व मवेशियों के काम आ रही है। क्षेत्र में एसईसीएल दीपका की कोयला खदान ने अन्य जल स्रोत नदी, नाले, तालाब जंगल सभी को अपने में समाहित कर क्षेत्र को प्रदूषण, गर्मी, डस्ट व जल संकट में डाल दिया है जो खदान क्षेत्रों में स्पष्ट दिख रहा है।






## खबर संक्षेप



### एसईसीएल बीकन के 5वी व 8वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कोरबा।** बीकन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल एस.ई.सी.एल में सत्र 2025-26 की कक्षा पांचवीं और आठवी परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। पांचवीं में नमन कुमार मनहर ने 92.50 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, लक्ष्य साहू और दिवाकर सिंह 91.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और शाहीन परवीन 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आठवी में स्तुति यादव ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, श्रुति शुक्ला 92.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और सैफ अली 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एम बी गॉटलिब तथा वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति कल्पना मिश्रा और वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम पटेल की उपस्थिति मे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्राचार्य एम बी गॉटलिब ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासित और नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है तथा शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं मै परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, देवेंद्र पांडेय, एस के नाडिग, रश्मि, एन हिनडारिया, डी सिंग, एम जे चौहान, अपराजिता, एस बाघ, निखिल, नरोतम, मिठू चटर्जी, शांतनु, रिया, बीना, यशवंत,ममता, वेद प्रकाश, मंजू, सुजाता,अनामिका, लखन, संतोषी और अरुणा उपस्थित थे।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण हेतु 12 आवेदकों का चयन

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित होने वाले उद्यमिता विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 23 अप्रैल तक इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं सारणीकरण किया गया, जिसके आधार पर कुल 12 आवेदकों का चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मई से प्रारम्भ होना सुनिश्चित है। चयनित आवेदकों की सूची में विकास कुमार, कौशलेंद्र सिंह, योगिता धाकड़े, विष्णु सिंह राठिया, आशुतोष मार्वल, अजय डहरिया, गौरव अग्रवाल, अमित कुमार चैहान, स्वप्निल पाटिल, राजकुमारी, वीरेंद्र कुमार तरुण, वंशिका सिंह सेंगर शामिल हैं।

### जिला चिकित्सालय में निःशुल्क लग रहा एचपीवी का टीकाकरण

**कोरबा।** बेटियों के उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन में कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। यह टीका विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुँह का कैंसर) से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के सभी पात्र बालिकाओं, अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील किया है कि वे पात्र बालिकाओं (जिन किशोरियों ने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो ) का एचपीवी का टीकाकरण करावें। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और डॉक्टर द्वारा प्रमाणित है। एचपीवी टीका राष्ट्रीय टीकाकरण के अंतर्गत मेडिकल कालेज संबद्ध जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मानव अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष महंत के द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य मुलाकात करते हुए जिले की समस्याओं पर चर्चा की और ग्रामीण विकास मनरेगा का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिए जाने, आउटसोर्स कर्मचारी और मजदूर एवं अनुकंपा आश्रितों को नियमित किए जाने, लोगों के कल्याण के लिए शिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में कम से कम फीस एवं मनमानी फीस पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर कलेक्टर श्री दुदावत से विस्तृत चर्चा करते हुए इस सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया।

# विभिन्न जिलों से पहुंचे 900 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 900 से अधिक एनसीसी कैडेट पिछले कई दिनों से एनसीसी कैंप में शामिल होने के लिए बुधवारी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचे हुए हैं। जहां उनका गुरुवार को यातायात पुलिस की टीम ने विभिन्न जिलों से पहुंचे एनसीसी कैडेट को यातायात का पाठ पढ़ाय। साथ ही यातायात के अलावा साइबर अपराधों के प्रति जागरुक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरुक करने कहा गया।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की पहल पर बुधवार को यातायात पुलिस कोरबा द्वारा एनसीसी कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया गया। सड़क पर चलने के दौरान किन किन नियमों का पालन करना चाहिए और क्यों यह बताया गया। यह जानकारी यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित एनसीसी कैंप में दी।

**सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में आयोजित हुआ कैंप**



श्री राठौर ने सड़क के संकेतः लाल-पीली-हरी बत्ती, जेब्रा क्रॉसिंग, नो पार्किंग जोन का मतलब, हेलमेट-सीटबेल्ट जरूरीः दोपहिया पर हेलमेट और चारपहिया में सीटबेल्ट क्यों जान बचाता है, नशे में ड्राइविंग के खतरेः एक गलती से कैसे पूरा परिवार उजड़ जाता है, गोल्डन ऑवरः सड़क हादसे में घायल की मदद कैसे करें यह जानकारी दी गई। एसपी श्री तिवारी का कहना है कि एनसीसी जैसे अनुशासित जवान कल के जिम्मेदार नागरिक हैं। इन्हें अभी से ट्रैफिक सेंस दिया जाए तो ये अपने घर-परिवार और समाज को भी जागरूक करेंगे। एएसआई मनोज राठौर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश सेवा का जज्बा रखते हैं। अगर ये सड़क पर नियमों का पालन करेंगे तो हजारों लोग इनसे सीखेंगे। हमारा मकसद चालान काटना नहीं, जान बचाना है। कैंप के दौरान विभिन्न जिलों से आए कैडेट्स ने पुलिस टीम से सवाल-जवाब किए और शपथ ली कि वो खुद नियम मानेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

## महापौर सहित अनेक पार्षदों ने अपने घरों में लगवायें हैं सोलर पैनल

# घरों में सोलर पैनल लगवाएं, उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बनें : संजूदेवी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगवाकर एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, वहीं दूसरी ओर इस योजना की हितग्राही भी बनी, वहीं निगम के पार्षद रवि सिंह चंदेल, पार्षद अब्दुल रहमान व पार्षद बहत्तर सिंह कंवर ने भी अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया पूरी कराई है।

महापौर श्रीमती राजपूत ने आमनागरिकों से अपील करते हुये कहा कि पी.एम.सूर्यघर योजना अंतर्गत हमने अपने घर में सोलर पैनल लगवाया है, कृपया आप भी लगवायें तथा विद्युत उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बनें, घर का बिजली बिल शून्य करें। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आमजनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरों, घरों में रूफ टाप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कर लोगों को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। भारत सरकार की यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगवाकर एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, वहीं दूसरी ओर इस योजना की हितग्राही भी बनी, वहीं निगम के पार्षद रवि सिंह चंदेल, पार्षद अब्दुल रहमान व पार्षद बहत्तर सिंह कंवर ने भी अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया पूरी कराई है।

### पैनल लगवाने हेतु हो चुके 2383 से अधिक रजिस्ट्रेशन

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, योजना के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली सब्सिडी की बदौलत आमजन की रूचि योजना का लाभ लेने हेतु बढ़ रही है, लगातार रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे हैं, वहीं नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अब तक 2383 से अधिक रजिस्ट्रेशन सोलर पैनल लगवाने हेतु कराये जा चुके हैं। निगम द्वारा विद्युत विभाग के सहयोग से वार्डों में लगातार शिविर आयोजित कर नागरिकों को योजना की जानकारी दी जा रही है तथा प्रतिदिन काफी संख्या में रजिस्ट्रेशन किये जा रहे हैं।

### मिल रही सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जहां एक ओर शासन से भारी सब्सिडी मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर शेष राशि हेतु कम ब्याज दर पर बैंक से ऋण प्राप्त करने की सुविधा भी है। 1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कराये जाने पर केन्द्र सरकार द्वारा 30 हजार रूपये, राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपये कुल 45 हजार रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार 2 किलोवाट के संयंत्र पर केन्द्र सरकार का अनुदान 60 हजार रूपये, राज्य सरकार का अनुदान 30 हजार रूपये, कुल अनुदान 90 हजार रूपये प्राप्त हो रहा है, वहीं 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर केन्द्र सरकार 78 हजार रूपये, राज्य सरकार से 30 हजार रूपये, कुल 1 लाख 8 हजार रूपये की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त हो रही है।

# एसईसीएल कर्मी की मौत के बाद जागा प्रबंधन



सड़क जिसकी मरम्मत पर उठे थे सवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र के भुट्टा चौक सड़क पर एसईसीएल कर्मी की दर्दनाक मौत के बाद अब प्रबंधन हरकत में नजर आ रहा है। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर यातायात रोककर पिछले पाँच दिनों से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब है और सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।

एचएमएस के महामंत्री एवं केंद्रीय मंत्री श्रमिक नेता अशोक कुमार साहू ने सड़क मरम्मत कार्य पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिस स्थान पर उनके साथी कर्मी की ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत हुई, वह जगह लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पहले भी कई श्रमिक साथियों की जान जा चुकी है जबकि कई लोग आज भी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। अशोक कुमार साहू ने कहा कि कानून के अनुसार किसी भी कर्मचारी को उसके घर से कार्यस्थल तक सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा देना प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन वर्षों से इस जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहा है। यही लापरवाही लगातार हादसों और श्रमिकों की मौत का कारण बन रही है। उन्होंने मांग की कि भुट्टा चौक को विस्तारित किया जाए, सड़क को मजबूत और गुणवत्ता के साथ बनाया जाए तथा इस स्थान का नाम श्रमिक चौक रखा जाए ताकि यहां जान गंवाने वाले श्रमिक साथियों की स्मृति हमेशा जीवित रहे। श्रमिक नेता ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान मरम्मत कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है और केवल लीपापोती कर मामले को शांत करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों में भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

# पंच ने पेंशन दिलाने के नाम पर की ठगी, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता की समस्या का समाधान करने के लिए सुशासन शिविर लगाया जा रहा है। दूसरी ओर जनप्रतिनिधि द्वारा ही जनता के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने कलेक्टर से की थी। शिकायत पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत रजगामार के वार्ड क्रमांक 5 के पंच के खिलाफ हुई थी शिकायत

यह मामला ग्राम पंचायत रजगामार का है। जहां की निवासी गायत्री प्रजापति नामक एक महिला को पेंशन मिलता है। लेकिन विगत दो साल से उसका पेंशन रुकवा दिया गया था। मामले की जानकारी वार्ड क्रमांक 5 के पंच जितेन्द्र राठौर को होने पर उसने महिला को रुकी हुई पेंशन की राशि दिलाने का झांसा दिया। जिसके एवज में उसने सरपंच हरिसिंह राठिया के बेट के माद्यम से 9 हजार रुपए भी उससे ले लिया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने कलेक्टर से की है। मामले को कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए सीईओ जिला पंचायत कोरबा को जांच के आदेश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा के निर्देश पर उपसंचालक पंचायत जिला पंचायत कोरबा ने 13 मई को तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर तीन दिवस के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेश जारी कर दिया है। जांच टीम में जयश्री अग्रवाल सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा, ज्योति राज विकास विस्तार अधिकारी एवं चतुरानंद सिंह कंवर सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण सह करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा को जांच टीम में शामिल किया है।

# बालको के क्वालिटी संकल्प के एक साल पूरे, गुणवत्ता उत्पादन हुआ उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड ने क्वालिटी संकल्प के 12 महीने पूरे कर लिए हैं। यह बालको के सभी उत्पादों में जीरो डिफेक्ट गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यस्थल पर गुणवत्ता-केंद्रित सोच विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

बालको में उत्पादन के हर चरण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। क्वालिटी संकल्प के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में व्यक्तिगत जिम्मेदारी, त्रुटि रोकथाम, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन, दोषों की रोकथाम, मूल कारणों की पहचान, लीन प्रबंधन और डेटा आधारित निर्णय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस पहल में 3000 से अधिक कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदार शामिल हुए। यह मासिक अभियान कर्मचारियों में गुणवत्ता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने, जागरूकता बढ़ाने और संगठन की गुणवत्ता प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा है। इससे बालको को उच्च गुणवत्ता वाले एल्यूमिनियम उत्पादक के रूप में अपनी पहचान और सशक्त करने में मदद मिली है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बालको में गुणवत्ता हमारे कार्य संस्कृति का मूल आधार है। क्वालिटी संकल्प हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है, जो रोजमर्रा के कार्यों और निर्णयों में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की सोच को मजबूत करता है। विश्वस्तरीय विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हुए ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बालको लगातार प्रचालन दक्षता और उत्पादन उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में क्वालिटी संकल्प गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करने, बेहतर उत्पादन क्षमता विकसित करने और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा बालको सालभर गुणवत्ता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। इनमें क्वालिटी नॉलेज बाइट्स के माध्यम से गुणवत्ता सिद्धांतों की जानकारी साझा करना, वर्ल्ड क्वालिटी वीक के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित करना है।

# बकरी चराने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, अस्पताल दाखिल

**कोरबा।** कोरबा वन मंडल के करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत रामपुर परिक्षेत्र सहायक वृत्त के नवापारा नर्सरी में बोतली निवासी मोहनलाल राठिया पिता छेदूराम राठिया, उम्र 43 वर्ष दोपहर 2.30 बजे बकरी चराने के लिए गया हुआ था। जहां उसका सामना एक भालू से हो गया। भालू द्वारा मोहन लाल राठिया के बायां जांघ को दांत से गड़ाकर घायल कर दिया गया है। जिसे उपचार हेतु शासकीय चिकिसालय करतला ले जाया गया। वन विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राथमिक उपचार हेतु 500 रुपए की सहायता दी गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं रोटरी क्लब का संयुक्त आयोजन

# खुशियों का पासवर्ड कार्यक्रम 18 से, शामिल होंगे मोटिवेशनल स्पीकर डॉ.सचिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं रोटरी क्लब कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में 'खुशियों का पासवर्ड' कार्यक्रम 18 मई से आयोजित है। जिसका शुभारंभ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शाम 6 बजे इंदिरा स्टेडियम स्थित राजीव गांधी इंडोर ऑडिटोरियम में करेंगे। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल एवं महापौर संजू देवी राजपूत भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, कॉर्पोरेट ट्रेनर, हिप्नोथेरेपिस्ट एवं लाइफ कोच डॉ. सचिन परब मुंबई होंगे।

यह जानकारी गुरुवार को तिलक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की रुकमणी बहन एवं बिन्दु बहन ने दी। उन्होंने आगे बताया कि डॉ.परब देश विदेश में मानवता के कल्याण के लिए एवं निराश, हताश तथा तनाव ग्रस्त लोगे के जीवन में अपने उदबोधन से नव उर्जा का संचार कर चुके हैं। त्रिदिवसीय कार्यक्रम के एक दिन पूर्व 17 मई को उसी स्थान पर कॉर्पोरेट जगत, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रेड क्रॉस सोसाइटी आई.डी.ए एसोसिएशन, मीडिया प्रभाग, रेड क्रास सोसायटी के लिए



पत्रकारवर्त्रा में कार्यक्रम की जानकारी देते ब्रह्मकुमारी बहनें व अन्य।

'हील योर माइंड हील योर लाइफ' का कार्यक्रम होगा। जिसमें एस.इ.सी.एल. बिलासपुर व डब्लू.सी.एल. नागपुर के सी.एम.डी हरीश दुहन मुख्य आतिथ्य होंगे। 19 मई को मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत तथा पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद शामिल होंगे। 20 मई के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा विशिष्ट अतिथि आशुतोष पाण्डेय आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा एवं प्रेमलता यादव डीएफओ कोरबा शामिल होंगे।ॉ इस दौरान आबू राजस्थान से 'नशा मुक्त भारत अभियान रथ' का आगमन होने पर उसका उदघाटन 18 मई को होगा। रथ का मुख्य आकर्षण ऑडियो विडियो एवं चित्र प्रदर्शनी के साथ साथ कुंभकर्ण के मॉडल द्वारा अज्ञानता की निद्रा से जनमानस को जागरुक करना है। इसके साथ ही इस अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में शिक्षा जागरूकता और आध्यात्मिक सशक्तिकरण के माध्यम से नशे के दुरोपयोग को रोकना, जमीनी स्तर पर गतिविधियों और सोशल मीडिया के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना, युवा सशक्तिकरण, विद्यालयों एवं विश्व विद्यालयों में नशा मुक्त परिसर बनाना, नशा मुक्त समाज के लिए सहयोग, आध्यत्मिक मार्गदर्शन और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढावा देना, रैली, सेमिनार और कार्यशालाओ का आयोजन तथा योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ाना आदि है। उक्त रथ कोरबा के शहरी और ग्रामीण अंचल के प्रमुख स्थानों पर जा कर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त डॉ. सचिन परब द्वारा एन.टी.पी.सी टाउनशिप स्थित अम्बेडकर ऑडिटोरियम में त्रिदिवसीय शिविर 18 से 20 मई तक प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411